Title: Need to expedite gauge conversion work between Balaghat and Gondia in Madhya Pradesh and also construct a broad gauge rail line between Katangi and Tirohi after survey. −Laid

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) : महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के अन्तर्गत गोंदिया से जबलपुर एवं बालाघाट से कंटगी रेल मार्ग के अमान (गेज) परिवर्तन का कार्य प्रारंभ है, जिसके अन्तर्गत बालाघाट से गोंदिया छोटी लाईन की पटरिया उखाड़ दिये जाने के उपरांत 2 साल से अधिक समय व्यतीत हो गया, परन्तु गेज परिवर्तन कार्य अत्यंत ही मंद गति से चल रहा है, जिससे यात्रियों को अत्यधिक असुविधा हो रही है। उपरोक्त अमान परिवर्तन कार्य को प्रथम प्राथमिकता पर लेने हेतु मेरा अनुरोध है, साथ ही कटंगी से तिरोड़ी के मध्य सर्वे करवाकर ब्रॉड गेज का निर्माण किया जावे।